हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 25 मार्च 2024

06 150 शिक्षकों को दिलाई मतदाता जागरूकता...




07 वार्ड क्रमांक 8 में होली पर दो दिवसीय क्रिकेट ...





### आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (1) का प्रकरण पंजीबद्ध किया

# छापामार कार्रवाई में शराब तस्कर से एक वाहन सहित शराब जब्त

आबकारी विभाग ने शराब माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों के पास से एक मोटरसाइकिल सहित देसी प्लेन शराब जप्त कर उन्हें गिरफ्तार किया है। विदित हो कि पिछले कुछ दिनों से आबकारी टीम द्वारा अवैध शराब बिक्री के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



रविवार को सुबह के समय कलेक्टर नर्मदापुरम सोनिया मीना के निर्देशन में एवं जिला आबकारी अधिकारी अरविंद सागर के मार्गदर्शन में जिला नर्मदा पुरम की वृत ए आबकारी टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर लगभग 4 बजे सुबह माखन नगर रोड हाईवे पर नाकेबंदी की थी। जिसमें शराब तस्कर रविशंकर सराठे अपने सहयोगी के साथ दो पेटी कुल 100 पाव देशी मदिरा प्लेन शराब मोटरसाइकिल से परिवहन करते हुए गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) क के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर दोनों आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत होने के लिए जमानत एवं मुचलके पर रिहा किया गया।

साथ ही शराब परिवहन में प्रयुक्त उनकी मोटरसाइकिल को कब्जा आबकारी लिया गया। आज जप्त मदिरा एवं मोटर साइकल की कुल कीमत 65 हजार आंकी गई है। लोकसभा चुनाव के संदर्भ में अवैध मदिरा के खिलाफ जिला नर्मदा पुरम में आबकारी टीम के द्वारा लगातार मुखबिरों से सूचनाएं प्राप्त कर प्रभावी कार्यवाहियां की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी अरविंद सागर द्वारा बताया गया कि पूरे जिले में आबकारी उड़नदस्ता की टीम सक्रियता के साथ कार्रवाई कर रही है। आगामी समय में भी अवैध मदिरा के खिलाफ कार्यवाहियां जारी रहेंगी।

## युवक की नर्मदा में डूबने से मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




शहर के पर्यटन घाट के पास रहने वाले युवक की रविवार को नर्मदा में नहाते समय गहरे पानी में चले जाने के कारण डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पर्यटन घाट निवासी जितेन्द्र विरेटिया ने बताया कि रविवार को सुबह उसका छोटा भाई विक्की विरेटिया अपनी पत्नी और बच्ची के साथ नर्मदा में नहाने गया हुआ था। नहाते समय युवक तैरते हुए कुछ दूरी पर चला गया लेकिन लौटते समय पानी में ही उसकी तबियत बिगड़ने के बाद वह डूबने लगा जिसे उपस्थित स्नानार्थियों ने बचाने का प्रयास किया लेकिन पानी में डूबने के कारण उसकी मौत हो गई। नागरिकों ने युवक को पानी से बाहर निकालकर एम्बूलेंस की मदद से जिला चिकित्सालय पहुंचाया यहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया।

## होशंगाबाद-नरसिंहपुर क्षेत्र में दर्शन के सामने होंगे संजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम





कांग्रेस ने शनिवार देर रात अधिक इंतजार के बाद आखिरकार लोकसभा चुनाव के लिए मप्र के 12 प्रत्याशियों की सूची जारी की, जिसमें होशंगाबाद-नरसिंहपुर लोकसभा क्षेत्र से रेत व्यवसायी संजय शर्मा का नाम आखिरकार फाइनल किया। संजय शर्मा का 21 वर्ष भाजपा में रहकर जमीनी कार्यकर्ताओं से संपर्क एवं रेत व्यवसाय, गन्ना व्यवसाय के कारण उनके अपने व्यक्तिगत वोट बैंक को देखते हुए कांग्रेस ने उन्हें प्रत्याशी बनाया है। 53 वर्षीय संजय शर्मा भाजपा से दो बार 2003 और 2013 विधायक रहे एवं कांग्रेस से 2018 में विधायक रहे। वर्तमान में नर्मदापुरम जिले के संगठन प्रभारी का दायित्व निभाते हुए होशंगाबाद के कांग्रेसी कार्यकर्ताओं से संपर्क में है और नरसिंहपुर उनका गृह जिला है। कांग्रेस ने संजय शर्मा को उनके राजनैतिक अनुभव को देखते हुए मैदान में उतारा है। वहीं लोकसभा क्षेत्र की आठों विधानसभा में वर्तमान में भाजपा के पास हैं। इसका लाभ भाजपा उठाना चाहेगी। हालांकि पिछला लोकसभा चुनाव 5 लाख से अधिक मतों से भाजपा ने जीत दर्ज करा चुकी है जो कांग्रेस के लिए बड़ी चुनौती होगी। फिलहाल कांग्रेसी नेताओं और कार्यकर्ताओं का कहना है कि चुनावी रण में भाजपा का नया चेहरा कांग्रेस के लिए फायदेमंद होगा। जबकि भाजपा प्रत्याशी दर्शन सिंह चौधरी भी किसान नेता के साथ साथ शिक्षक संगठनों में रहकर अपने राजनैतिक केरियर को बेहतर बना चुके हैं। देखना यह है कि लोकसभा चुनाव की नूराकुश्ती में आखिर कौन प्रत्याशी अपने प्रतिंद्विदी को पटकनी देता है।

## युवाओं ने चलाया नर्मदा तट पर स्वच्छता अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगर की जय हो सामाजिक कल्याण समिति द्वारा रविवार को परमहंस घाट पर नर्मदा तट की सफाई की गई।

सदस्यों ने आम लोगों से अभियान से जुड़कर नर्मदा को स्वच्छ बनाने का संदेश दिया।

इस दौरान सदस्यों ने श्रमदान कर नर्मदा से कपड़े, पॉलिथीन, धार्मिक वस्तुएं आदि निकालकर सफाई की। तट से कचरा भी हटाया गया। अभियान का उद्देश्य लोगों में नर्मदा को स्वच्छ बनाने व जलीय जंतुओं को संरक्षित करने के प्रति जागरूकता लाना है। अभियान में समिति के अर्पित मालवीय, विशाल बावरिया, सौरभ वर्मा, संजू प्रजापति, विकास गुप्ता, अनुराग वर्मा, राजेंद्र यादव, कौशिक बावरिया, सागर पटैल, जतिन यादव, राम रजक, सागर संतोरे, पीतम चक्रवर्ती आदि शामिल थे।

## राज्यसभा सांसद माया नारोलिया होंगी श्री समर्पण श्री संस्था की संरक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यो में नगर में अग्रणी रहने वाली संस्था श्री समर्पण श्री सोशल वेलफेयर सोसायटी की संरक्षक राज्यसभा सांसद माया नारोलिया को बनाया गया। श्री समर्पण श्री के अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने राज्यसभा सांसद माया नारोलिया को संरक्षक बनाने हेतु उनके समक्ष प्रस्ताव रखा, जिसे उन्होंने सहजता से स्वीकार किया। श्री समर्पण श्री के अब वर्तमान में तीन संरक्षक होंगे। सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह एवं समाजसेवी डॉ. अतुल सेठा भी संस्था के संरक्षक है। अब माया नारोलिया के संरक्षक बनने के बाद संस्था और अधिक सम्बल मिलेगा। तीनो संरक्षको के संरक्षण में अब श्री समर्पण श्री सोशल वेलफेयर सोसायटी अब सामाजिक कार्यो को अधिक अच्छे ठंग से करने एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों को भव्य रूप में आयोजित करने का प्रयास करेगी। 30 मार्च को संस्था द्वारा नगर में भव्य केसरिया होली महोत्सव का आयोजन स्वयंवरम गार्डन में होने जा रहा है। श्री समर्पण श्री के मीडिया प्रभारी अंकित सैनी ने बताया कि माया नारोलिया को संरक्षक बनाए जाने पर संस्था के सदस्यों ने उनके निज निवास हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में पहुँच कर माला पहनाकर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। सामिति के स्वदेश सैनी एवं अतुल जोशी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी एवं भाजपा पूर्व मण्डल अध्यक्ष विकास नारोलिया भी उपस्थित रहे। इस दौरान संस्था के अंकित सराठे, विशाल चावरिया, अमन चुटीले, आकाश सोनी, शुभम मालवीय, राज खिल्लारे, संदीप खिल्लारे, संजू सफा, दुर्गेश मालवीय, देवेंद्र नामदेव, रोहित जोशी, राहुल उईके, शिवम यादव, सत्यम चौहान, अमोल पैठने, शुभम लोवंशी, रोहन यादव सहित आदि सदस्य उपस्थित रहे।



## आचार संहिता के तहत आरटीओ विभाग द्वारा वाहनों के दस्तावेजों की जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम








आदर्श आचार संहिता तथा 26 अप्रैल 2024 के दिन होने वाले मतदान के पूर्व जिला निर्वाचन अधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक महोदय के दिशा निर्देशानुसार जिले में लगातार परिवहन विभाग द्वारा वाहनों की जांच जैसे - काली फिल्म, हूटर, अवैध नगदी, हथियार का परिवहन के साथ वाहनों के दस्तावेजों की जांच की जा रही है, इसी क्रम में रविवार को आरटीओ अधिकारी निशा चौहान के नेतृत्व में परिवहन विभाग के जांच दल द्वारा नर्मदापुरम जिले के सिवनी मालवा तहसील में सुबह से वाहनों की जांच शुरू की गई। जिसमे सभी प्रकार के वाहनों की सघनता से जांच के साथ मतदान के लिए जागरूकता के लिए स्लोगन स्टीकर यात्री वाहनों में लगाए गए तथा सिवनी मालवा थाना प्रभारी उषा मरावी को स्लोगन स्टीकर मतदाता जागरूकता के लिए लगाने के लिए दिए गए। वाहनों की जांच में 128 वाहनों को रोककर जांच की गई। जिसमे 19 वाहन नियम विरुद्ध पाए जाने पर 21 हजार 500 रूपए की चालानी कार्यवाही की गई। साथ ही 1 यात्री ऑटो बिना दस्तावेज संचालित पाए जाने पर जप्त कर सिवनी मालवा पुलिस थाने में खड़ा करवाया गया, आरटीओ अधिकारी ने बताया की आचार संहिता में आरटीओ का जांच अभियान लगातार जारी रहेगा, जांच एवं कार्यवाही से बचने के लिए सभी वाहन संचालक अपने वाहनों के दस्तावेज पूर्ण करवा ले, दस्तावेजों में कमी पाए जाने पर चालानी तथा जप्ति की कार्यवाही की जाएगी, जांच दल में सम्पूर्ण आरटीओ जांच दल शामिल रहा।

## सीताराम कलचुरी महिला मंडल का होली उत्सव कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम


नगर की अग्रणी सामाजिक संस्था सीताराम कलचुरी महिला मंडल द्वारा फाग महोत्सव मनाया गया। उक्त कार्यक्रम मे महिलाओ द्वारा संकल्प लिया गया की आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए पक्षियों हेतु अपने घरों की छत पर सकोड़े रख पानी एवं भोजन की व्यवस्था की जाएगी साथ हि होली के अवसर पर जमकर रंग गुलाल खेला जायेगा। जिसमे सिर्फ हर्बल और गैर रासायनिक रंगो का प्रयोग करेंगे। कार्यक्रम मे पूजा ने कृष्णजी एवं रीना ने राधा रानी का पात्र अदा किया। वाही सामाजिक मातृ शक्तिया सखिया बनी। कार्यक्रम मे अनुजा, अनुराधा मालवीय, वंदना राय, आरती चौकसे, रीना चौकसे, पूजा मालवीय एवं रूपा चौकसे एवं अन्य महिलाएं उपस्थित रही।



## भारत में अपार खुशियों से मनेगा होली का पर्व, वहीं विश्व के कई देशों में होगी चंद्रग्रहण की खगोलिय घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सोमवार को सुबह एवं दोपहर में जब आप भारत में होली के रंगों मे सराबोर होंगे तब यूरोप का अधिकांश भाग, उत्तर पूर्व एशिया, अधिकांश आस्ट्रेलिया, अधिकांश अफ्रीका, उत्तरी और दक्षिण अमेरिका के भूभाग पर उपछाया चंद्रग्रहण की खगोलीय घटना हो रही होगी। भारत में इस ग्रहण के समय चंद्रमा क्षितिज के नीचे होगा इस कारण यहां यह दिखाई नहीं देगा। नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने बताया कि यह उपछाया ग्रहण भारतीय समय के अनुसार सोमवार प्रातः 10 बजकर 23 मिनिट के बाद आरंभ होकर दोपहर लगभग 3 बजकर 3 मिनिट पर समाप्त होगा । लगभग 4 घंटे 39 मिनिट तक चलने वाले इस पूरे ग्रहण को एक गणना के अनुसार लगभग विश्व की लगभग 11 प्रतिशत आबादी देख पायेगी। सारिका ने बताया कि कोई ग्रहण अकेला नहीं आता है। इस चंद्रग्रहण के दो सप्ताह के अंतर पर आगामी 8 अप्रैल को पूर्ण सूर्यग्रहण होगा लेकिन इसे भी भारत मे नहीं देखा सकेगा । भारत में अगला चंद्रग्रहण 18 सितम्बर को सुबह सबेरे केवल कुछ मिनिट के लिये केवल पश्चिमी नगरों में होगा लेकिन वह भी उपछायाग्रहण होने के कारण महसूस नहीं किया जा सकेगा। चंद्रमा और सूर्य के बीच तथा एक सीध में पृथ्वी के आ जाने से पृथ्वी की उपछाया वाले भाग से जब चंद्रमा निकलता है तो उसकी चमक में कुछ अंतर आ जाता है , इसे उपछाया चंद्रग्रहण कहते हैं । चमक में बहुत कम अंतर होने के कारण देखने पर इसे पहचानना मुश्किल होता है। सारिका ने बताया कि एक वर्ष मे आमतौर पर दो चंद्रग्रहण होते हैं और ये पूर्णिमा को घटित होते है और अनेक भारतीय पर्व पूर्णिमा को ही मनाये जाते है इसलिये इसे एक नियमित खगोलीय घटना के रूप में कीजिये स्वीकार और मनाईये खुशियो के साथ होली का त्यौहार।




### पुराने एफओबी से हटेगा एस्कलेक्टर, नए एफओबी के प्लेटफार्म सात पर लगाने की तैयारी

# अमृत भारत स्टेशन की नई डिजाइन ने रोका रास्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशन पर नए भवन का काम चल रहा है। जिस दिशा में नई इमारत बन रही है, वहां दो साल पहले लगाया एस्कलेटर आ रहा है। निर्माण कार्य शुरू होते ही रेलवे ने इस एस्केलेटर के साइड से आवाजाही पूरी तरह बंद करा दी थी, रेलवे ने अब इस एस्कलेटर को मौजूदा जगह से हटाकर नए फुट ओव्हर ब्रिज पर प्लेटफार्म 7 पर लगाने की तैयारी की है। नए एफओबी पर 12 बंगला रेलवे कालोनी तरफ इसे लगाया जाएगा, जिससे नए एफओबी के यात्री आसानी से अपना लगेज लेकर दूसरी तरफ सरक्युलेटिंग एरिया से उतर सकेंगे। पूरा काम रेलवे का इलेक्ट्रिकल विभाग कराएगा, लेकिन एस्कलेक्टर को पुरानी जगह से हटाकर नई जगह लगाने के लिए अभी कोई ठेकेदार नहीं मिल रहा है। अधिकारियों का कहना है कि प्रस्ताव बनाकर ठेकेदार की तलाश की जा रही है।

### इसलिए बंद हुआ रास्ता

जंक्शन के सातों प्लेटफार्मों को जोडऩे वाले पुराने एफओबी से निकासी द्वार के पास रेलवे ने कुछ साल पहले लिफ्ट सुविधा के साथ ही यहां अप डाउन ट्रेक का एस्कलेटर लगाया था। दौलतराम इंजीनियरिंग कंपनी से रेलवे ने यह एस्कलेटर स्थापित कराया था। इससे यात्रियों को काफी सहूलियत हो गई थी, लेकिन अमृत भारत योजना के नए भवन की डिजाइन के ठीक सामने आने से इसे काम शुरू होते ही बंद कर दिया गया।



अधिकारियों का कहना है कि नया भवन बनने के बाद यहां एस्कलेटर नहीं चल पाएगा, पिछले दिनों आला अधिकारियों ने भी इस मशीन को हटाकर किसी दूसरी जगह उपयोग करने के निर्देश दिए थे, इसके बाद आईओडब्ल्यू, इंजीनियरिंग विभाग ने इस मशीन को हटाकर नए फुट ब्रिज के 12 बंगला छोर पर सात नंबर प्लेटफार्म के पास लगाने की योजना बनाई गई है। लंबाई चौड़ाई के हिसाब से भी यहां पर्याप्त जगह उपलब्ध है। एस्कलेटर हटने के बाद पुराने एफओबी पर खाली हुई जगह रैलिंग लगाकर कवर्ड की जाएगी, इसके बाजू में नए भवन की इमारत बन रही है।

### यहां भी लग रहा एस्कलेटर

रेलवे द्वारा एक साल पहले लोकार्पित किए गए एफओबी पर भी यात्रियों के उतरने चढऩे के लिए नया एस्कलेटर लगाया जा रहा है, रेलवे मालगोदाम के पास जीआरपी थाने के सामने इसकी यूनिट स्थापित की जा रही है, जल्द ही इसे भी चालू कर दिया जाएगा। दरअसल यात्रियों का कहना है कि नए एफओबी की डिजाइन इतनी लंबी है कि लगेज लेकर प्लेटफार्म तक पहुंचने में यात्रियों को थकावट महसूस होने लगती है, भविष्य की जरूरत को देखते हुए यहां नया एस्कलेटर स्थापित किया जा रहा है। एस्कलेटर जल्द चालू हो जाएगा, इसे लेकर कंपनी काम कर रही है।

## कुलदीप सिंह पटेल पुनः बने राष्ट्रीय संयोजक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कुलदीप सिंह पटेल पर एक बार फिर भरोसा जताते हुए किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखपाल सिंह खैरा ने पटेल को राष्ट्रीय संयोजक नियुक्त किया है। पटेल इसके पहले भी 2019 में बनी कार्यकारिणी में राष्ट्रीय संयोजक के साथ साथ विदर्भ के प्रभार को भी संभाल चुके हैं। मीडिया से बात करते हुए कुलदीप सिंह पटेल ने बताया कि पूर्व में उनके द्वारा किए गए कार्यों के आधार पर राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पटेल के नाम की अनुशंसा की जिसके बाद उन्हें किसान कांग्रेस का राष्ट्रीय संयोजक नियुक्त किया गया। नियुक्ति के बाद कुलदीप सिंह पटेल ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खडगे और सुखपाल सिंह खैरा के प्रति आभार व्यक्त किया। पटेल स्वयं पिपरिया के रहने वाले हैं और पिछले कई सालों से किसानों के हितों की लड़ाई लड़ते रहे हैं,वे कृषि स्नातक भी हैं। कुलदीप सिंह पटेल को किसान कांग्रेस का राष्ट्रीय संयोजक बनाए जाने पर चंद्र गोपाल मलैया,कपिल फौजदार, अनिल त्रिवेदी,पंकज राठौर, शरद चौधरी, राकेश चौधरी, राकेश शर्मा, रामगोपाल मालवीय अजय सैनी समेत कई कांग्रेसी नेताओं ने बधाई दी है।

## खबर संक्षेप

### होली को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में रहेंगे पुख्ता इंतजाम

**सारनी।** सोमवार को होली का त्यौहार है और होली के त्यौहार में किसी भी तरह की कोई आवश्यकता उत्पन्न ना हो इसे ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक के माध्यम से संपूर्ण जिले में कानून व्यवस्था बेहतर किए जाने के आदेशित पुलिस अधीक्षक के माध्यम से किया गए हैं जिसे देखते हुए सारनी एसडीओपी रोशन कुमार जैन के माध्यम से सारनी थाना प्रभारी को सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंप गई है। थाना प्रभारी अरविंद कुमरे ने बताया कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों को मिलाकर पांच स्थानों पर अलग-अलग पेट्रोलिंग वाहनों की व्यवस्था की गई है इसके अलावा कहीं पर भी अव्यवस्था का आलम ना हो इसे ध्यान में रखते हुए शहरी ग्रामीण क्षेत्रों में पेट्रोलिंग के अलावा 25 से अलग अधिक स्थानों पर पॉइंट लगाए गए हैं जहां पर पुलिस की जवान लगातार गस्ती देने का कार्य करेंगे साथी उन्होंने संपूर्ण क्षेत्र वासियों से अपील की है की होली का त्योहार भाईचारे और सद्भाव के साथ मनाया जाने का है इस त्यौहार को सादगी के साथ एक दूसरे को रंग लगाकर बधाई देने का कार्य किया जाना चाहिए ताकि संपूर्ण क्षेत्र का माहौल सद्भाव पूर्वक बना रहे।

### एक ही रात में दो जगह चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**शाहपुर।** बीती रात शनिवार की रात लगभग 1:00 बजे नगर शाहपुर में चोरों का आतंक होली त्यौहार के आते ही बढा। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहन सोनी जो शाहपुर के माचना नदी के बाजू में निवास करते हैं। मोहन सोनी के द्वारा बताया गया कि बीती रात में लगभग 1:00 बजे के बाद संदीप शुक्ला के खेत के बाडे में खड़े ट्रैक्टर से लगभग 30 से 40 लीटर डीजल और एक ट्रैक्टर से बैटरी चोरी की गई। और उनके द्वारा बताया गया कि सुबह उन्होंने देखा तो ट्रैक्टर के बाजू में 4 बियर के डब्बे और नमकीन पड़ा हुआ था। एक खाली कैन जिससे डीजल निकालना था। वह भी डीजल निकालने के बाद रखी हुई मिली। इसकी शिकायत उन्होंने सुबह 9:00 बजे शाहपुर थाने पहुंचकर आवेदन के रूप में की है। बीती रात में विजय चौधरी किसान के खेत में जो माचना नदी के बाजू में स्थित है। वहां पर उन्होंने मूंग लगाई थी। और मूंग में पानी देने के लिए मोटर लगाई हुई थी। उन्होंने बताया कि लगभग 50 फीट केबल और एक पानी की मोटर रात को अज्ञात चोर 1:00 बजे के बाद ले गए। जिसकी शिकायत उन्होंने भी सुबह 9:00 के लगभग शाहपुर थाना पहुंचकर पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों के समक्ष दी।

### सभी मतदाताओं से मतदान करने की कलेक्टर ने अपील की

**सीहोर।** कलेक्टर प्रवीण सिंह ने मतदाता जागरूकता एवं कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम में उपस्थित युवा मतदाताओं से आगामी लोकसभा चुनाव में निर्धारित मतदान तिथि को मतदान केन्द्र पहुंच मतदान करने की अपील की है। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने कहा है कि लोकतंत्र के महापर्व पर प्रत्येक मतदाता को सहभागी बनना है। मतदान करना मतदाता का अधिकार है, उन्हें मतदान करके दिए गए हक का उपयोग करना चाहिए।

## दूसरे प्रेमी से मिलने जुलने से नाराज था आरोपी

# महिला की हत्या का खुलासा, पहले प्रेमी ने ही उतारा था मौत के घाट

,हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



कोतवाली थाना क्षेत्र में महिला की निर्मम हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। यह मामला लव ट्रायंगल का निकला। महिला का एक नाबालिग से प्रेम संबंध था। बाद में जब एक अन्य व्यक्ति से उसके प्रेम संबंध बन गए तो पुराने प्रेमी ने ही उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

रविवार को पुलिस कंट्रोल रूम में एसडीओपी शालिनी परस्ते और कोतवाली टीआई देवकरण डेहरिया ने इस मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि 18 मार्च को सोनाघाटी क्षेत्र में सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल के सामने सोनी के खाली खेत में अज्ञात महिला का शव मिलने की सूचना 100 डॉयल पर प्राप्त हुई थी। इस पर कोतवाली पुलिस द्वारा मौके पर जाकर घटना स्थल सुरक्षित कर, घटना की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई एवं प्रारंभिक कार्यवाही की गई। विवेचना के दौरान अज्ञात शव की शिनाख्त पुष्पा उर्फ रामकली पति गणेश उईके निवासी सोनाघाटी के रूप में होने पर अपराध दर्ज कर पीएम कराया गया।प्रकरण की विवेचना के दौरान वैज्ञानिक एवं भौतिक साक्ष्य के आधार पर मुखबिर के सहयोग से संदेही व्यक्तियों को अभिरक्षा में लेकर 23 मार्च को सूक्ष्मता से पूछताछ की गई। प्रकरण की विवेचना में पाया गया कि मृतिका का प्रेम संबंध पूर्व में एक विधि विरूद्ध बालक से था। बाद में उसके प्रेम संबंध चांदू मिस्त्री से हो गए। महिला उसी के साथ काम करती थी। मिस्त्री ने ही महिला को मोबाइल लेकर भी दिया था। घटना दिनांक 17 मार्च की रात्रि करीब सवा ग्यारह बजे के आसपास वह अपने प्रेमी चांदू मिस्त्री से मोबाइल पर बात करते हुए मिलने जा रही थी। इस बीच रास्ते में ग्राऊंड (घटना स्थल) पर उसका पूर्व प्रेमी विधि विरूद्ध बालक शराब पी रहा था। मृतिका के अकेले रात्रि में मिस्त्री से मिलने जाने का पता होने पर वह आक्रोशित हो गया।

#### धमकी देकर बनाए संबंध

यहां मृतिका और विधि विरुद्ध बालक के मध्य विवाद हुआ। नाबालिग बालक ने महिला के घर में उक्त बात बताने की धमकी दी और बदले में शारीरिक संबंध बनाया। इसके बाद इन दोनों के बीच उसके प्रेमी चांदू मिस्त्री को लेकर विवाद हुआ। इस बार विधि विरूद्ध बालक ने उसी समय शराब की बाटल तोडक़र मृतिका के गले में वार कर हत्या कर दी।

#### अपने साथी से बुलाया पानी

उक्त घटना के बाद विधि विरूद्ध बालक ने एक अपने एक साथी विधि विरूद्ध बालक को फोन लगाकर पानी बुलाया और साक्ष्य को नष्ट करने का प्रयास किया। दोनों विधि विरूद्ध बालकों को अभिरक्षा में लिया जाकर न्यायालय पेश किया जा रहा है। यह दोनों भी सोनाघाटी के ही रहने वाले हैं। प्रकरण में धारा 302, 201, 376 के तहत कार्यवाही की जा रही है।

#### इनकी रही सराहनीय भूमिका-

उक्त अंधे कत्ल के खुलासे में एसडीओपी शालिनी परस्ते, टीआई देवकरण डेहरिया, उप निरीक्षक दिनेश कुमरे, आबिद अंसारी (एफएसएल अधिकारी), सहायक उप निरीक्षक जगदीश रैकवार, आरक्षक नितिन चौहान एवं अनिरुद्ध यादव, प्रधान आरक्षक कामता प्रसाद, महेन्द्र पवार, आरक्षक नवनीत वर्मा थाना यातायात, उज्जवल दुबे, दुर्गेश वर्मा, दिनेश धुर्वे, विष्णु चौहान, राजकुमार एवं शिवकुमार, अनिरूद्ध यादव, राजेन्द्र, दीपेन्द्र की विशेष भूमिका रही।

## शराब बनाने के अड्डों को किया नष्ट

# पुलिस ने अवैध महुआ शराब के ठिकानों पर दी दबिश



**बैतूल।** आगामी लोकसभा चुनाव एवं होली त्योहार में अवैध कच्ची महुआ शराब के ब्रिकी एवं परिवहन की रोकथाम हेतू अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तारतम्य में एसडीओपी मुलताई सुरेश पाल सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मुलताई राजेश सातनकर के नेतृत्व में 24 मार्च शनिवार को प्रातःकालीन समय में ग्राम रोहना दाबका में नदी में कच्ची महुआ शराब बनाने के ठिकानों पर दबिस देकर 14 ड्रम में भरा महुआ लाहन करीबन 2800 किलो शराब बनाने के अड्डो को विधिवत नष्ट किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी मुलताई राजेश सातनकर, चौकी प्रभारी मासोद बसंत अहके, चौकी प्रभारी दुनावा नीरज खरे, अमित पवार, अरविंद पटेल, सेवाराम एवं नगर रक्षा समिति के सदस्यों का योगदान रहा।

### जमानत मिलने पर जेल से छूटकर घर लौट रहे युवक की घर पहुंचने पूर्व ही वाहन दुर्घटना में मौत

**बैतूल।** थाना क्षेत्र के ग्राम सिपावा का निवासी युवक पारिवारिक विवाद के चलते उसके खिलाफ दर्ज प्रकरण में बीते कुछ दिनों से उपजेल में बंद था। शुक्रवार को उसे जमानत मिल गई तो रात में अपने परिचित के साथ बाइक पर सवार होकर घर लौट रहा था।लेकिन घर पहुंचने के पूर्व ही अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई ।वही बाइक सवार परिचित घायल हो गया। ग्राम सिपावा निवासी रुपराव सरोदे ने बताया उसका भाई बसंता पिता भरत सरोदे 29 साल परिवारिक विवाद की शिकायत पर उसके खिलाफ दर्ज प्रकरण के चलते उपजेल में बंद था। शुक्रवार को ग्राम सोनेगांव निवासी भगवत सिंह रघुवंशी ने बसंता की जमानत की प्रक्रिया पूर्ण कराई और जमानत मिलने पर उपजेल से बसंता के रिहा होने के बाद रात में भगवत सिंह रघुवंशी अपनी बाइक पर बसंता को सवार कर ग्राम सिपावा जाने के लिए निकले थे। इस दौरान छिंदवाड़ा नेशनल हाईवे पर बुकाखेड़ी डैम के पास मार्ग से जा रहे अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर से बसंता के सिर और मुंह में चोट आई। वही भगवत सिंग रघुवंशी को भी चोट आई।दुर्घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची एंबुलेंस से घायल बसंता और भगवत सिंह रघुवंशी को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल लाया। जहां डॉक्टर ने बसंता को मृत घोषित कर दिया ।वही भगवत सिंग रघुवंशी का उपचार किया गया। रूपराव की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर अज्ञात वाहन के चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

# 150 शिक्षकों को दिलाई मतदाता जागरूकता की शपथ




**बैतूल।** राष्ट्रीय बधिरता नियंत्रण एवं रोकथाम कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के 150 शिक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण स्वास्थ्य विभाग द्वारा शासकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय के पुराना प्रशिक्षण केंद्र टिकारी बैतूल में जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.अनिल कुशवाहा के आदेश अनुसार आयोजित किया गया। टीकाकरण अधिकारी डॉ.अरविंद भट्ट एवं हर्षिता शर्मा ईएमटी स्पेशलिस्ट की उपस्थिति में लोकसभा 2024 जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी एवं स्वीप जिला नोडल अधिकारी अक्षत जैन के मार्गदर्शन में स्वीप जिला यूथ आइकॉन अभिलाषा बाथरी ने 10 विकासखण्ड से प्रशिक्षण लेने आए 150 शिक्षकों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। सभी शिक्षकों ने कहा कि हम सभी मतदाता जागरूकता अभियान में अपनी संस्थाओं के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में मतदाताओं को जागरूक करने हेतु पूरा सहयोग प्रदान करेंगे। जिस तरह हमने आज होली के पर्व को गुलाल का तिलक लगाकर मनाया है, इस तरह चुनाव का पर्व हमारे देश का पर्व है, इसे भी हम मतदाताओं को मतदान देने हेतु जागरूक कर मनाएंगे। शिक्षिका कमला दवडे ने कहा कि हम नवाचार के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का पूरा प्रयास करेंगे।

# केंद्र और राज्य सरकार की जन हितेषी योजनाओं को लेकर बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

विकसित भारत की परिकल्पना के लिए भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनना जरूरी यह बात झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक ने रजीत सिंह ने बुत विजय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्ति किया है।

भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ ने सारनी मण्डल के पाथाखेड़ा सेक्टर मे बूथ विजय संकल्प अभियान एवं लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत बूथ पर प्रधानमंत्री आवास योजना,लाडली बहना, उज्ज्वला योजना, विश्वकर्मा योजना,गरीब कल्याण,जनहितेषी योजनाओं को लाभार्थी एवं नव मतदाता से संपर्क कर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प दिलवाया। इस अवसर पर झुग्गीझोपड़ी प्रकोष्ठ प्रदेश सह संयोजक रंजीत सिह, भाजपा मण्डल अध्यक्ष नागेन्द्र निगम, महामंत्री प्रकाश शिवहरे,झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के मंडल संयोजक दिलीप झोड़, वार्ड 24 के पार्षद अजाब राव धोटे,झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ट के मण्डल सह संयोजक नोखेलाल, सोशल मीडिया प्रभारी झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ संजीत चौधरी, रमेश खबसे,हिमांशू विश्वकर्मा, बिन्नी राय एव व वार्ड वासी उपस्थित थे।

# शिवरात्रि मनाने के बाद शुरू होती है आदिवासी समाज की विशेष होली शिमगा

## 15 दिन तक लकड़ी, कंडा जमा करने के बाद मनाई जाती है होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



आदिवासी जनजाति गोंड, परधान, गोंड गायकी समाज में शिमगा याने होली का त्यौहार शिवरात्रि (शम्भू नरका) मनाने के बाद होली मनाने की शुरुआत हो जाती हैं। आदिवासी समाज के भगत भभु धुर्वे गुम्मूढाना और सामाजिक कार्यकर्ता जितेंद्र सिंह इवने ने बताया कि आदिवासी समाज के लोग अपने-अपने कुटुंब व परिवार के साथ आदिवासियों के आराध्य शम्भू की पूजा करने शम्भू देवस्थान (पेनठाना) जाते हैं।

बैतूल जिले के आदिवासी समाज के लोग प्रायः पचमड़ी, छोटा महादेव भोपाली, सालबर्डी, मड़देव असाडी, डुलाहरा बिघवा एवं अन्य शम्भू देव स्थान जाते हैं। आदिवासी समाज के लोग माह महीने की पूर्णिमा से शिवरात्रि तक शम्भू के लिए जागरण करते हैं। पूरे परिवार कुटुंब के साथ पहले शम्भू की पूजा करते हैं और रात्रि विश्राम में शम्भू जागरण व उनकी उपासना करते हैं। दूसरे दिन पूरे परिवार के लोग सामुहिक भोजन करने के बाद विष की होली जलाते हैं, होली की पांच परिक्रमा करते हुए शम्भू गवरा सेवा सेवा कहते है और होली की राख व गुलाल लगाकर एक दूसरे से सेवा सेवा कहकर गले मिलकर होली मनाते है, उसके बाद आदिवासी समाज की महिलाए गोंडी गीत गाते हुए पुरुषों से फगवा मांगती हैं। उसके बाद सभी लोग वापस गांव आ जाते हैं। आदिवासी समाज के लोग शिवरात्रि के दो, तीन दिन बाद फागुन चांद दिखने पर नया वर्ष मनाते हैं। फागुन चांद दिखने पर घरों में एक दूसरे को नए साल की शुभकामनाएं देते हैं। आदिवासी समाज में फागुन का महीना नए वर्ष का पहला माह होता हैं। हर गांव में फागुन चांद दिखने के 15 दिन तक लकड़ी कंडा जमा करते हैं ओर उसकी होली बनाई जाती हैं। उसके बाद फागुन महीने के पूर्णिमा (पूंनो) में सभी गांवों में होली जलाई जाती हैं जिसे आदिवासी समाज मे शिमगा कहते हैं। उसके बाद जिस गांव में खंडेराय होते है वह पर खंडेराय मेला लगता हैं, जिसे आमतौर पर मेघनाद मेला कहते हैं।

# बिजली के खंबे पर बैनर पोस्टर लगाए जाने पर एफआईआर दर्ज

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। आदर्श आचार संहिता के अंतर्गत संपत्ति विरूपण करना प्रतिबंधित है। संपत्ति विरूपण कि रोकथाम के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने पुलिस, राजस्व एवं नगरपालिका का संयुक्त दल गठित किया जा कर अपने-अपने क्षेत्र में निरन्तर भ्रमण कर शासकीय संपत्ति को विरूपित करने पर निरन्तर कार्यवाही की जा रहीं है। संपत्ति विरूपण एफएसटी दल प्रभारी महेश कुमार बड़गुजर उड़नदस्ता क्रमांक-4 अपने दल के साथ भ्रमण के दौरान संसदीय क्षेत्र 19-भोपाल के अंतर्गत भ्रमण के दौरान बिजोरी जोड़ रोड पर बिजली के खम्बे पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा बेनर पोस्टर लगाकर शासकीय संपत्ति विरूपण करना पाया गया। आदर्श आचार संहिता के तहत कार्रवाई करते हुए दल प्रभारी महेश कुमार बड़गुजर द्वारा शासकीय संपत्ति को विरूपित करने पर मध्यप्रदेश संपत्ति विरूपण अधिनियम 1994 की धारा- 3 के तहत थाना मण्डी सीहोर में एफआईआर दर्ज की गई।

### नवीन शैक्षणिक सत्र एक अप्रैल से प्रारंभ होगा

**सीहोर।** राज्य शिक्षा केन्द्र ने नवीन शैक्षणिक सत्र 2024-25 01 अप्रैल 2024 से प्रारंभ किया जाने के निर्देश दिये गये हैं। प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों की स्थानीय परीक्षाएँ संम्पन्न हो गई है। समस्त बच्चों को 01 अप्रैल से नवीन कक्षाओं में प्रावधिक प्रवेश देने के पश्चात ग्रीष्मवकाश के पूर्व तक अध्ययन-अध्यापन सुनिश्चित किया जाए। संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र, धनराजू एस ने जानकारी दी की कक्षा 1 के लिए नव प्रवेशित बच्चों को स्कूल रेडिनेस कार्यक्रम के तहत गतिविधियों का आयोजन होगा।

# भोपाल में नमकीन फैक्ट्री के मालिक की एक्सीडेंट में मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



भोपाल में एक नमकीन फैक्ट्री के मालिक की सड़क हादसे में मौत हो गई। वे भोपाल में डिलीवरी देकर सीहोर लौट रहे थे। तभी शुक्रवार रात 11 बजे लालघाटी स्थित VIP गेस्ट हाउस के सामने अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। गंभीर हालत में उन्हें हमीदिया अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उपचार के दौरान रात 2 बजे उनकी मौत हो गई। शनिवार को शव का पोस्टमॉर्टम कर परिजनों को सौंप दिया है।

इधर, पुलिस आरोपी वाहन चालक की तलाश में घटना स्थल के आसपास के फुटेज खंगालने में जुटी है। सीहोर स्थित सुदामा नगर निवासी राजेश राठौर (46) रोज सीहोर भोपाल अप डाउन करते थे। भोपाल के बड़वाई एयरपोर्ट रोड पर उनकी ए-1 नमकीन नाम से फैक्ट्री है। शुक्रवार रात को वे भोपाल स्टेशन के पास स्थित दुकान पर ऑर्डर डिलीवर कराने गए थे। इसके बाद घर (सीहोर) लौट रहे थे। तभी VIP गेस्ट हाउस के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। शनिवार को राजेश राठौर के बेटे प्रभात ने बताया कि घटना के बाद मेरे पिता को राहगीरों ने एंबुलेंस से हमीदिया अस्पताल पहुंचाया था। उनकी जेब से मिले दस्तावेज और मोबाइल नंबरों के आधार पर कोहेफिजा पुलिस ने हमें हादसे की सूचना दी। जब हम अस्पताल पहुंचे पिता की मौत हो चुकी थी। डॉक्टरों ने बताया कि उन्हें गंभीर हालत में लाया गया था। कुछ देर उपचार के बाद उनकी मौत हो गई। कोहेफिजा थाने के सब इंस्पेक्टर (SI) संजीव धाकड़ ने बताया कि प्रारंभिक तौर पर अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत होना प्रतीत हो रहा है। चश्मदीदों के बयान और घटना स्थल के आस पास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चेक करने के बाद आगे की कार्रवाई तय करेंगे।

## प्रेमशंकर व घनश्याम मिश्रा को भातृ शोक

# सेवानिवृत्त एकाउंटेंट पं. उमाशंकर मिश्रा का निधन



**बैतूल।** नगर के गौठाना निवासी प्रापर्टी ब्रोकर आनंद टम्पी मिश्रा के पिता 90 वर्षीय सेवानिवृत्त एकाउंटेंट पंडित उमाशंकर मिश्रा (वन विभाग बैतूल) का शनिवार 23 मार्च 2024 को रात्रि 8 बजे लम्बी बीमारी के बाद स्वर्गवास हो गया। सेवानिवृत डिप्टी रेंजर प्रेमशंकर व घनश्याम मिश्रा के बड़े भाई तथा पुलिस निरीक्षक मनीष मिश्रा के बड़े पिताजी पं. उमाशंकर मिश्रा की अंतिम यात्रा रविवार सुबह 11 बजे उनके निज निवास गौठाना बैतूल से निकाली गई और अंतिम संस्कार दोपहर 12 बजे कोठीबाजार मोक्षधाम में पारंपरिक रीति रिवाज से किया गया। मिश्रा अपने पीछे एक बेटा-बहू, तीन पुत्रियां-दामाद, नाती-पोतों से भरा-पूरा परिवार छोड़ गये। उनका दसवां का कार्यक्रम 2 अप्रैल को तथा तेरहवीं का कार्यक्रम 5 अप्रैल को उनके निज निवास गौठाना बैतूल में किया जायेगा। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक, परिजन और स्वजातीय बंधु उपस्थित थे। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए एवं शोक संतप्त मिश्रा परिवार को इस दुखद घड़ी को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से कामना की है। उल्लेखनीय है कि श्री मिश्रा ने लगभग 40 वर्षो तक वन विभाग में कई महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवा दी, इस दौरान वे प्रतिनियुक्ति पर वन विकास निगम बैतूल में मुख्य लिपिक भी रहे है।

### ऑनलाइन और ऑफलाइन जुड़ सकेंगे मतदाता सूची में नाम

**सीहोर।** राजन ने कहा कि नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की अंतिम तारीख के 10 दिन पहले तक नागरिकों से मतदाता सूची से नाम जोड़ने के लिए आवेदन लिए जा सकेंगे। ऐसे मतदाता जिनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है वे अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन की सुविधा प्रदान की गई है। इसके लिए नागरिक Voter Helpline App और voters.eci.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन और ऑफलाइन के लिए बीएलओ से संपर्क कर सकते हैं।

## जिले के 12 स्वास्थ्य केन्द्र भी राष्ट्रीय स्तर पर हुए चयनित

# कायाकल्प अवार्ड के तहत गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के लिए पीएचसी अमलाहा जिले में प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



जिला चिकित्सालय सहित समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सिविल अस्पताल तथा 12 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भी कायाकल्प अवार्ड के लिए राष्ट्रीय स्तर पर चयनित हुए ।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि कायाकल्प अवार्ड के लिए जिले की चयनित अन्य स्वास्थ्य संस्थाओं में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अमलाहा ने संपूर्ण जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। संस्था को कायाकल्प अवार्ड के अंतर्गत 2 लाख रूपए की अवार्ड राशि प्राप्त होगी। इसके अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोठरी, सिद्धिकगंज, रामनगर, पीएचसी वीरपुरडेम, दिवडिया, इटावा-इटारसी, भाउखेडी, चकल्दी, गोपालपुर, बाईबोडी, बकतरा को 50-50 हजार रूपए की कायाकल्प अवार्ड राशि प्राप्त होगी।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दोराहा, जावर, रेहटी, श्यामपुर, बिलकिसगंज, लाडकुई, सिविल अस्पताल इछावर तथा सिविल अस्पताल आष्टा का चयन कायाकल्प अवार्ड के लिए हुआ है। जिला चिकित्सालय को 03 लाख तथा सीएचसी तथा सिविल अस्पताल को 1-1 लाख रूपए, पीएचसी अमलाहा को 02 लाख तथा शेष चयनित पीएचसी को 50-50 हजार रूपए की राशि बतौर अवार्ड प्राप्त होगी। कलेक्टर सिंह तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया के दिशा निर्देशन में जिले की कायाकल्प टीम द्वारा संस्था प्रभारियों को विशेष रूप से प्रशिक्षित कर अवार्ड के लिए व्यापक तैयारियां करवाई गई थी। कायाकल्प अभियान के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा तय किए गए 8 बिंदूओं पर केन्द्र और राज्य सरकार के संयुक्त दल द्वारा थेमेटिक एरिया का असिस्मेंट, अपकीप, सफाई' सुरक्षा, स्वच्छता, बॉयोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन, सपोर्ट सर्विस, ईको फ्रेंडली सर्विसेस इत्यादि का ध्यान रखते हुए सघन मूल्यांकन किया जाता है।

### पथरोटा थाना पुलिस ने की कार्रवाई, आरोपी का एक सहयोगी अभी फरार

# पिछले 4 माह में 15 मोटरसाइकिल चुराने वाला एक आरोपी गिरफ्तार

**पथरौटा पुलिस ने एक शातिर मोटर सायकिल चोर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 7,45000 रुपए की बाइक जब्त की है, जो उसने विभिन्न स्थानों से चुरायी थी। आरोपी का एक सहयोगी अभी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है। चोरों ने गोलनडोल के जंगल में पत्तों और पेड़ की टहनियों के बीच इनको छिपाकर रखा था।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



रविवार को यहां एसडीओपी कार्यालय में मीडिया को दी जानकारी में एसडीओपी महेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि थाना प्रभारी पथरोटा संजीव पवार 11 मुखी हनुमान मंदिर के पास एनएच 46 पर वाहन चैकिंग कर रहे थे कि एक व्यक्ति बिना नंबर को बाइक लिये तेजी से आता दिखा।

उसे रोकने का प्रयास किया तो वह नहीं रुका। बमुश्किल पुलिस स्टाफ ने उसे रोका। पूछने पर उसके पास वाहन का रजिस्ट्रेशन एवं ड्रायविंग लायसेंस नहीं मिला। उसे अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना नाम राजेश उर्फ राजा धुर्वे पिता दिलीप धुर्वे 22 वर्ष बताया। वह सदर गेंदा चौक बैतूल का रहने वाला है। उसने उसके पास की लाल काले रंग की एचएफ डीलक्स मोटर सायकिल चोरी की होना बताया। इस दौरान इटारसी टीआई गौरव सिंह बुंदेला भी मौजूद थे।

#### चार माह में चुरायी 15 मोटर सायकिल

आरोपी से सख्ती से पूछताछ करने पर उसने अपने एक अन्य साथी गोविन्द तुमराम 35 वर्ष, निवासी ग्राम बांदरी के साथ चार माह में 15 मोटर सायकिल चोरी करना स्वीकार किया। एक नीले रंग की मोटर सायकिल गोविन्द तुमराम के पास है। शेष 13 में से 10 बाइक गोलनडोल के जंगल से बरामद की गई है तथा तीन मोटर सायकिल सहयोगी आरोपी गोविन्द के घर से बरामद की गई। इनमें से छह मोटर सायकिल जिला बैतूल से तथा शेष 9 मोटर सायकिल इटारसी शहर की विभिन्न जगह, रेलवे स्टेशन के पास, मैरिज गार्डन से चोरी की हैं।

#### ये मोटर सायकिल बरामद

सीडी डीलक्स एमपी 05, एमजी 2518, कीमत 50 हजार इटारसी से चुरायी। स्प्लेंडर एमपी 12, एमएफ 1032, कीमत 45 हजार, यामाहा एमपी 48, एमए 7826, कीमत 50 हजार दोनों बैतूल से, एचएफ डीलक्स एमपी 48, एमएल 6499, कीमत 50 हजार, मानक नगर बैतूल से, डिस्कव्हर डीएसवीबीएलएफ 13716, कीमत 40 हजार, इटारसी से, पैशन प्रो एमपी 05, एमके 2331, कीमत 60 हजार, बैतूल से, डीलक्स एमपी 20, एमएच 0267, कीमत 60 हजार और पैशन प्रो एमपी 05, एमएच 2630, कीमत 60 हजार, एचएफ डीलक्स एमपी 05, एमएम 8669, कीमत 55 हजार, पैशन प्रो एमपी 05, एमजी 6988, कीमत 60 हजार और एचएफ डीलक्स एमपी 05, एमडी 5021, 50 हजार, ये सभी इटारसी से, हीरो स्प्लेंडर एमपी 48 एमएन 5008, कीमत 50 हजार, पैशन प्रो एमपी 48 एमएफ 2268, कीमत 55 हजार बैतूल से और डिस्कव्हर एमपी 05, एमएच 4837, कीमत 60 हजार इटारसी से चुरायी थी।

#### इस टीम ने पकड़ा आरोपी

एसपी डॉ. गुरुकरन सिंह के निर्देशन में एएसपी आशुतोष मिश्रा और एसडीओपी महेन्द्र सिंह चौहान के मार्गदर्शन में मुख्य भूमिका उपनिरीक्षक संजीव पवार थाना प्रभारी पथरोटा, एएसआई चंद्रशेखर पाराशर, कार्यवाहक एएसआई दुर्गेश मालवीय, प्रधान आरक्षक नर्मदाप्रसाद, कार्यवाहक प्रधान आरक्षक विजय सातनकर, विनोद लिखितकर, धीरज राठौर, टीटू मर्सकोले, सियाराम तेकाम, कन्हैयालाल गौर, अभिषेक नरवरिया सायवर सेल नर्मदापुरम ने आरोपी की गिरफ्तारी और माल बरामदगी में विशेष सहयोग किया।

## पचमढ़ी में शहीद दिवस पर शहीदों की शहादत को किया गया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी



पचमढ़ी में शहीद दिवस पर शहीदों को 23 मार्च 1931 को आजादी की लड़ाई में शामिल क्रांतिकारी भगत सिंह,सुखदेव और राजगुरु को फांसी दी गई थी। अंग्रेजों ने सेंट्रल असेंबली में बम फेंकने पर उन्हें फांसी की सजा सुनाई और भारतीयों के आक्रोश के डर के कारण तय तारीख से एक दिन पहले गुपचुप तरीके से तीनों को फांसी पर लटका दिया। अमर शहीदों के बलिदान को याद करते हुए शहीद दिवस मनाते हैं। इस दिन आजादी की लड़ाई में अपनी जान कुर्बान करने वाले अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाती है। संजय कोरी एवं प्रशांत सीहोते ने इन महान क्रांतिकारियों के बलिदान के विषय में विस्तार से प्रकाश डाला भगत सिंह जी देश के युवाओं को जागृत करना और प्रेरणा देना चाहते थे की देश ही हमारे लिए सब कुछ है इसके लिए यदि प्राण भी न्यौछावर करना पड़े तो पीछे नहीं हटाना है। कार्यक्रम में उपस्थित जनों ने वीर क्रांतिकारियों को श्रद्धा सुमन अर्पितकर श्रद्धांजलि दी। इंकलाब जिंदाबाद के नारों से पूरा पचमढ़ी नगर देशभक्ति मय हो गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्व सैनिक सूबेदार संजय कोरी,संदीप गुप्ता, रमेश त्रिपाठी, बंटी नागवंशी, पलक चौरसिया आदि का विशेष सहयोग रहा।पचमढ़ी के सभी पूर्व सैनिकों वरिष्ठ नागरिकों एवं समाज सेवकों की उपस्थिति गरिमामई रही।

#### चार पहिया वाहन में अज्ञात ने आग लगाई, मामला दर्ज

**इटारसी।** ओझा मोहल्ला में 22 एवं 23 मार्च के बीच अज्ञात ने एक व्यक्ति की बोलेरो पिकअप में आग लगा दी। शिकायत पर सिटी पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अवाम नगर निवासी अशफाक पिता सुल्तान खान 50 वर्ष ने शिकायत दर्ज करायी है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने कोदू अहिरवार के घर के सामने ओझा मोहल्ला में उनकी बोलेरो पिकअप में आग लगा दी, जिससे उनको काफी नुकसान हुआ है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

## पचमढ़ी में आयोजित हुई शांति समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी



आगामी त्यौहारों को देखते हुए थाना प्रभारी पचमढ़ी उमाशंकर यादव ने शांति समिति बैठक का आयोजन किया। शांति समिति बैठक में होली रंग पंचमी एवं ईद से संबंधित समितियां ने हिस्सा लिया। थाना प्रभारी ने सबको हिदायत दी की आने वाले त्योहार को शोहार्दपूर्ण तरीके से मनाया जाए।मौजूदा समय में आचार्य संहिता भी लागू है जिसे देखते हुए थाना प्रभारी द्वारा सभी को हिदायत दी गई।

## गुरूकुल में हुआ दीक्षांत समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



नगर पालिका परिषद क्षेत्र में स्थापित स्कूल में गुरुकुल में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि जिला न्यायाधीश अर्चना रघुवंशी एवं विशेष अतिथि विवेक महेश्वरी की उपस्थिति में कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा संचालित साल भर की गतिविधियों को लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल के द्वारा बच्चों को पुरस्कार वितरण किए गए। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के द्वारा नाटक नृत्य प्रस्तुत किए गए मुख्य अतिथि के द्वारा कार्यक्रम की सराहना करते हुए बच्चों के बाल अपराध के प्रति सजग जानकारी दी गई विवेक माहेश्वरी के द्वारा बच्चों के विकास और उनसे जाने वाली उम्मीद अभिभावकों का महत्वपूर्ण योगदान होना चाहिए ऐसा उद्बोधन दिया गया। संस्कार नाटक के माध्यम से बच्चों और अभिभावकों के संबंध और विदेश में रह रहे बच्चों के कारण अकेले रह रहे अभिभावकों की समस्या को बहुत सुंदर रूप से प्रदर्शन किया गया स्कूल के संचालक राज राठी के द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ की गई कार्रवाई, आरोपी को भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया




स्टेशन रोड थाने के अंतर्गत लंबे समय के बाद टावर मोहल्ले में ईरानी युवकों के द्वारा अवैध मादक पदार्थ गाजा और अन्य सामग्रियों का विक्रय किया जाता है। लंबे समय के बाद लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस एसडीओपी मोहित कुमार यादव स्टेशन रोड थाना प्रभारी विजय सनस के नेतृत्व में एक टीम का गठन करते हुए मुखबिर की सूचना पर गांजा एवं अन्य मादक पदार्थों की रोकथाम करने के लिए घर पकड़ अभियान चलाया गया।

जिसमें 23 मार्च की रात को मुखबिर की सूचना पर गली नंबर 6 टावर मोहल्ला में असद ईरानी उर्फ ईरानी पिता खान अली उम्र 30 वर्ष के कब्जे से करीब 4 किलो 205 ग्राम अवैध पदार्थ गांजाजप्त किया गया। पुलिस प्रशासन के अनुसार जिसकी बाजार कीमत 42 हजार रूपए बताई जा रही है। याद रहे कि वैसे तो शहर में सभी अपराध हो रहे हैं तो काफी सुधार हो सकेगा। यदि पुलिस प्रशासन के द्वारा ऐसी छोटी-छोटी कार्रवाई की जावेगी तो अपराधों में कमी आएगी क्योंकि इस शहर में चारों तरफ से बॉर्डर होने के कारण चारों तरफ से कई प्रकार के अपराधी आते हैं और शहर में लगभग सभी अपराध हो रहे हैं। पुलिस एसडीओपी ने बताया कि अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है उनके पर्सनल मोबाइल में यदि किसी ने दी जाती है तो आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की आएगी।

## रमजान महिना की रौनक से मस्जिदें हैं गुलज़ार



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

रमजान का महीना जारी है और मुस्लिम समुदाय इबादत में लगा हुआ है। पचमढ़ी में भी माहे रमजान की रौनक देखी जा रही है। मस्जिदों में मगरिब की नमाज के बाद इफ्तार और सामूहिक भोजन के इंतजाम किए जा रहे हैं। इफ्तार में सभी मुस्लिम भाई एक साथ बैठकर इफ्तार और खाने का आनंद लेते हैं।रविवार शाम मुस्लिम समुदाय ने 13 रोजे पूरे किए हैं। तस्वीर पचमढ़ी स्थित मोहम्मदी मस्जिद की है जहां सभी रोज़दार एक साथ बैठकर खाना खा रहे हैं।

#### वैश्य महासम्मेलन महिला पदाधिकारी ने मनाया फाग उत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

वैश्य महासम्मेलन की महिला इकाई ने महेश्वरी मंदिर में भाग उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें फाग गीत गए एक दूसरे को रंग गुलाल लगाया कार्यक्रम में अध्यक्ष राशिका डेरिया उपाध्यक्ष अंजू महेश्वरी किरण अग्रवाल स्वाति पत्नी राधिका खंडेलवाल रचना खंडेलवाल सहित अनेक पदाधिकारी और सदस्यों ने मिलकर फाग उत्सव मनाया।

## वार्ड क्रमांक 8 में होली पर दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



बंगलिया क्रिकेट क्लव द्वारा वार्ड क्रमांक 8 में आयोजित दो दिवसीय बंगलिया प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ शनिवार रात 8 बजे हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ वार्ड पार्षद ज्योति राजकुमार बाबरिया ने किया। उन्होंने बेटिंग और प्रीति बाबरिया ने वोलिंग कर मैच शुरू कराए। वार्डस्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में वार्ड की 16 टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमें 8 टीमों ने अगले दौर में प्रवेश किया। प्रतियोगिता का प्रारंभिक मैच वार्ड की अंडर 12 टीमों के मध्य हुआ। इस मैच में पत्रकार राजकुमार बाबरिया और आयोजन समिति प्रमुख राकेश बाबरिया ने टॉस कराया। इस अवसर पर कमलेश बाबरिया, दिलीप बाबरिया, बिट्टू पासी, रामदुलारे बोरासी, हीरा बाबरिया, आरती बाबरिया, अजय बाबरिया, देव, दैविक, नकुल, सोमू, सहदेव सहित अन्य मौजूद थे।

#### इन टीमों के बीच हुए मुकाबले

प्रतियोगिता में पहले दिन 8 मैच खेले गए, जिसमें फाइटर स्टार और लक्ष्य क्लव, भारतीय क्लव और रॉयल क्लव, कमांडो फिजिकल और एस एस क्लव, महाकाल-11 और एमपी-11, बीसीसी क्लव और बगीचा-11, गैलेक्सी-11 और रॉयल चॉकलेट, एन एस फाइटर और पासी क्लव के मध्य खेला गया।

#### इनको मिली जीत

पहले दिन खेले गए मैचों में किसी को कड़ा मुकाबला करना पड़ा तो किसी ने आसानी से मैच जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया। जिन टीमों ने मैच जीते उनमें बीसीसी क्लव, लक्ष्य क्लव, रॉयल क्लव, कमांडो क्लव, एमपी-11, गैलेक्सी-11, यूनिवर्सल क्लव और एन एस फाइटर क्लव शामिल है।

## नवागत पुलिस चौकी प्रभारी ने पकड़ी अवैध रेत से भरी ट्रेक्टर-ट्राली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद



नवागत चौकी प्रभारी आकाशदीप पचाया के कुशल नेतृत्व से खनन माफिया में हड़कंप मचा हुआ है। चौकी प्रभारी ने स्थानीय पुलिस चौकी का पदभार ग्रहण करने के साथ ही अपने चौकी क्षेत्र में रात दिन निरंतर गश्त के दौरान अवैध रूप से चल रहे रेत से भरी ट्रैक्टर ट्राली पकड़ने में सफलता हासिल की है। शनिवार को राहुल पिता हरिराम कीर से अवैध रूप से रेत का परिवहन करने जा रही सोनालिका ट्रैक्टर को पकड़ा है। वहीं रविवार को राकेश पिता मोतीराम निवासी झालौन को रेत का अवैध रूप से परिवहन करते हुए स्वराज ट्रैक्टर एवं भरी ट्राली के साथ रिटाल खापा पुल के पास से पकड़ा। दोनों प्रकरण में सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम की धारा 3 एवं भारतीय दंड विधान की धारा 379 के अंतर्गत कार्रवाई कर ट्रैक्टर ट्राली जप्त किए।

### फूलों व प्राकृतिक रंगों से मनाया फाग उत्सव, बड़ी संख्या में शामिल हुए लोग

# फागुन में उड़े रे गुलाल कहियो नंदरानी से: पंडित सचिन द्विवेदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



इस साल भी शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित वृद्धाश्रम में श्रद्धा भक्ति सेवा समिति, जिला संस्कार मंच और पिपलेश्वर महादेव समिति सहित अन्य संगठनों के तत्वाधान में आठ दिवसीय फाग महोत्सव का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर उज्जैन के शनि मंदिर के पुजारी पंडित सचिन द्विवेदी सहित अन्य फाग गायकों के द्वारा फाग का गायन किया। इस मौके पर पंडित श्री द्विवेदी ने फागुन में उड़े रे गुलाल कहियो नंदरानी से, रंग मत डारे रे सांवरिया म्हारो गुजर मारे रे, आज ब्रज ने होली र रसिया जैसे भजनों की संगीतमय प्रस्तुति दी।

श्रद्धा भक्ति सेवा समिति की अध्यक्ष निशा सिंह ने बताया कि हर साल आश्रम में होली के पावन अवसर पर आठ दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया जाता है। इस मौके पर शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों, संस्थाओं के अलावा अन्य के द्वारा लगातार आठ दिनों तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इसके पहले दिन केन्द्र के प्रभारी नटवर सिंह के मार्गदर्शन में शनिवार को फाग महोत्सव की शुरूआत की गई थी। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में पिपलेश्वर समिति की ओर से एलएन सेन, राधेश्याम मकवाना, अशोक सोनी, जिला संस्कार मंच की ओर से मनोज दीक्षित मामा आदि ने यहां पर मौजूद वृद्धजनों के साथ फाग उत्सव मनाया गया। इस मौके पर पर्यावरण हितैषी रंगों और फूलों से पुाग गीत, होली नृत्य के मनोरंजक प्रस्तुतियां दी गई। मंच के संयोजक श्री दीक्षित ने बताया कि भारतीय संस्कृति में फाग महोत्सव का बड़ा स्थान होता है। भारतीय संस्कृति के अनुसार होली अपने आप में एक बड़ा त्यौहार है जो एक दूसरे को जोड़कर चलती है। हमारे पूर्वज और हम सभी होली के त्यौहार को बड़े उत्साह के साथ मनाते हैं।

हमारे क्षेत्र का सौभाग्य है कि गुरुदेव अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के द्वारा जो महादेव की होली का आह्वान किया है। इसके अंतर्गत आगामी 26 मार्च को शहर में उत्साह के साथ महादेव की होली का आयोजन किया जाएगा। जिसमें शहर ही देश के कोने-कोने से श्रद्धालु उपस्थित रहेंगे। पहले देश में बरसाने की होली का महत्व था, लेकिन अब महादेव की पवित्र होली का भी उतना ही महत्व हो गया है। इस दिन श्रद्धालुओं के द्वारा भगवान शिव सहित मंदिर में यह उत्साह मनाया जाता है।

#### समग्र पोर्टल में आधार ई-केवाईसी अनिवार्य

**सीहोर।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं में समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी अनिवार्य कर दिया गया है। अब किसी भी हितग्राही को विभागीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए समग्र पोर्टल पर स्वयं का आधार ई-केवायसी करना होगा।

समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी के बाद ही विभागीय पोर्टल पर आवेदन दर्ज हो सकेगा। जिन योजनाओं में ऑनलाइन प्रणाली नहीं है, उनमें आवेदन को स्वीकृत करने से पहले संबंधित स्वीकृतकर्ता अधिकारी द्वारा समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी की पुष्टि की जायेगी। पुष्टि के बाद ही नियमानुसार स्वीकृति प्रदान की जायेगी। विभाग की सभी योजनाओं में आधार ई-केवायसी अनिवार्य करने, बैंक खाता आधार लिंक और डीबीटी सक्रिय कराने के निर्देश दिये है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा समग्र पोर्टल नागरिकों की आधार ई-केवायसी की कार्यवाही की जा रही है।

विभाग द्वारा संचालित सभी पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों का भी आधार ई-केवायसी सुनिश्चित करें। हितग्राहियों तक ई-केवायसी सुविधा पहुँचाने के लिए समग्र सामाजिक सुरक्षा अधिकारी अपने क्षेत्र में संचालित सेवा प्रदाता एजेंसी और जिला/ सहायक ई-गवर्नेंस प्रबंधकों से समन्वय कर ग्राम पंचायत या वार्ड स्तर पर शिविर लगा कर अधिक से अधिक हितग्राहियों का आधार ई-केवायसी सुनिश्चित करें। ग्राम पंचायत सचिव और वार्ड प्रभारी द्वारा भी समग्र पोर्टल पर हितग्राहियों का आधार ई-केवायसी किया जा सकता है। हितग्राही और आवेदक को अपने बैंक खाता नंबर आधार से लिंक कराने और खाता डीबीटी सक्रिय कराने के लिए जागरूक करें।

फॉलोअप: 22 क्विंटल गेहूं और 7 क्विंटल चावल कम निकला

# चैनपुर के ग्रामीणों की शिकायत के बाद खाद्य अधिकारी पहुंचे राशन दुकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

जिले के बड़वाह जनपद क्षेत्र के काटकूट के समीप ग्राम चैनपुरा के ग्रामवासियों ने गत दिनों उचित मूल्य की राशन दुकान संचालक पर राशन वितरण में धांधली के आरोप लगाए थे। इसके बाद एसडीएम प्रताप अगास्या के निर्देश पर खाद्य अधिकारी वीरेंद्र सिंह चौहान ग्राम चैनपुरा पहुंचे। जहां पर करीब दो घंटे तक ग्रामीणों की मौजूदगी में जांच की। जांच उपरांत 22 क्विंटल गेहूं और 7 क्विंटल चावल का स्टाक कम पाया गया। जिस पर खाद्य अधिकारी ने पंचनामा बनाया। वहीं जांच से पता चला कि हितग्राहियों को किसी को तीन माह का राशन दे दिया गया है, तो किसी को नहीं मिला है।

पूछताछ में राशन संचालक ने कहा कि पर्याप्त राशन नहीं मिलने के कारण यह समस्या आई है। खाद्य अधिकारी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि करीब 35 हितग्राहियों के कथन लिए गए हैं, जिन्हें जनवरी-फरवरी माह का राशन प्राप्त नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन त्रुटी होने



के कारण पोर्टल जनवरी फरवरी माह का राशन शून्य बता रहा है, इसलिए पर्याप्त राशन संचालन को नही मिलने के कारण यह समस्या निर्मित हुई है। पंचनामा बनाकर एसडीएम को प्रेषित किया गया है। उल्लेखनीय है कि ग्रामवासियों ने एसडीएम को शिकायत करने के लिए ऑफिस पहुंचे थे। जहां आवेदन के माध्यम से अवगत कराया था कि गरीब परिवारों के राशन वितरण में राशन संचालक पर धांधली करने का आरोप लगाया था। साथ ही खाद्य विभाग के जिम्मेदारों पर भी घोटाले में शामिल होने की आशंका जाहिर की थी। यह भी बताया कि यहा माह जनवरी 2024 का राशन वितरण हो चूका है। लेकिन गांव में किसी को राशन नहीं मिला है। लेकिन ऑनलाइन पोर्टल पर ऑफलाइन तरीके से राशन का वितरण होना बताया जा रहा है। खाद्य विभाग की लापरवाही के चलते भारी मात्रा में राशन का घोटाला किया जा रहा है।

### हर महीने राशन के लिए हो रहे परेशान

ग्रामीण राधे परिहार ने कहा कि गांव में करीब 150 परिवार निवासरत हैं। जिन्हें हर महीने राशन के लिए परेशान किया जा रहा है। इसकी शिकायत अनुविभागीय अधिकारी को भी पिछले दिनों की थी, बावजूद अभी तक वही स्थिति बनी हुई है। प्रतिमाह समय पर राशन उपलब्ध नही होता है। जनवरी माह का तो ग्रामवासी को राशन ही नही दिया गया है इसके कारण रहवासी परेशान हैं। ग्रामवासियों ने घोटाले की जांच करके उचित कार्यवाही करने की मांग की है।

## बिजली आपूर्ति की मांग को लेकर दफ्तर पहुंचे किसान

**हरदा।** जिले में बिजली की समस्या से किसानों को परेशान होना पड़ रहा है। बिजली की निर्धारित मात्रा में आपूर्ति नहीं होने के चलते रोजाना अलग-अलग गांव के किसान बिजली विभाग के ऑफिस पहुंचकर अधिकारियों से निर्धारित समय अनुसार बिजली की सप्लाई देने की मांग कर रहे हैं। रविवार को जिले के ग्राम सोनखेड़ी, भुवनखेड़ी सहित अन्य गांव के किसान बिजली ऑफिस पंहुचे। जहां उन्होंने अधिकारियों से दस घंटे बिजली देने की मांग की है। किसानों का कहना है कि ग्रीष्मकालीन मूंग की फसल की सिंचाई के लिए अपने निजी साधनों से सिंचाई करने के लिए उन्हें रोजना थ्री फेस बिजली की सप्लाई दस घंटे दी जानी चाहिए, लेकिन विभाग द्वारा इसमें भी कटौती की जा रही है। जिससे किसानों को दिन रात जागना पड़ रहा है। ग्राम सोनखेड़ी के किसान रूपेश पटेल ने कहा कि गांव में किसानों को इस समय बिजली की सबसे अधिक जरूरत है। लेकिन उन्हें विभाग के द्वारा निर्धारित समय के अनुसार सप्लाई नहीं दी जा रही है। उन्होंने बताया कि बिजली दफ्तर में किसानों से चर्चा कर अधिकारियों ने उन्हें दस घंटे बिजली देने का भरोसा दिलाया है।

पत्नी की मौत, बेटा-बेटी घायल हुए

## मंडलेश्वर कोर्ट में पदस्थ प्रशासनिक अधिकारी का परिवार हादसे का शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन



होली त्योहार पर घर जा रहे जिले के मंडलेश्वर न्यायालय में पदस्थ एक प्रशासनिक अधिकारी की पत्नी की कार दुर्घटना में बड़वाह नगर के महेश्वर रोड पर माचलपुर फाटे के पास रविवार को सड़क हादसे में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मंडलेश्वर न्यायालय के प्रशासनिक अधिकारी मदन मधुकर वर्डनेकर (62 ) की पत्नी मंजरी (58) की मौत हो गई। वह अपने परिवार के साथ अपने गृह नगर खंडवा जा रहे थे तभी उनकी कार अनियंत्रित होकर पुलिया के नीचे गिर गई।

इस हादसे में मदन सहित उनके बेटा बेटी भी थे। वे तीनों भी इस हादसे में गंभीर घायल हो गए हैं। घटना रविवार दोपहर करीब 12:30 बजे की है। मदन अपने मंडलेश्वर स्थित निवास से खंडवा जाने के लिए कार से निकले थे, तभी पुलिया के पास कार अनियंत्रित होकर नीचे उतर गई। इस घटना की जानकारी लगते ही मौके पर लोगों के भीड़ जमा हो गई। कार में सवार चारों घायलों को किसी तरह बाहर निकल गया। इसके बाद 108 एंबुलेंस के पायलट राहुल तंवर, मांगीलाल, ईएमटी अनिल गांगले माध्यम से उन्हें सिविल अस्पताल बड़वाह लाया गया। यहां चिकित्सकों ने धर्मपत्नी मंजरी को मृत घोषित कर दिया। वहीं मदन, उनकी बेटी श्रद्धा (28) और श्रेयांस (23) दोनों निवासी खंडवा को इंदौर रेफर कर दिया। इस हादसे की जानकारी लगने पर बड़वानी न्यायालय में पदस्थ न्यायालय कर्मचारी जितेंद्र सेन, विवेक दुबे, समय अम्बिया, प्रदीप पराशर मौके पर पहुंच गए थे।

लोकसभा चुनाव को लेकर भाजयुमो की जिला बैठक आयोजित

## पूरी सक्रियता के साथ युवा मोर्चा के कार्यकर्ता चुनाव में अपनी भूमिका निभाएं : जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा फिर से विजयश्री हासिल करे, इसके लिए भाजपा कार्यालय में युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अनूप पटेल की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि आयोजित बैठक में जिले भर के बड़ी संख्या में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित हुए। इस अवसर पर युवा मोर्चा के अध्यक्ष अनूप पटेल ने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का नवनिर्माण होने जा रहा है। लगातार हम आधुनिक युग की ओर बढ़ रहे हैं। जो वादे हमने किए थे वह



लगातार पूर्ण होते जा रहे हैं। राम मंदिर का हमारा जो संकल्प था वह पूर्ण हुआ। सभी कार्यकर्ता ईमानदारी के साथ पार्टी ने जो हमें दायित्व दिया है इसका निर्वहन करते हुए चुनाव प्रचार के कार्य में लग जाएं। पटेल ने उपस्थित पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि आगामी लोकसभा चुनाव में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता इस चुनावी महायज्ञ में शामिल होकर अपनी आहुति देकर अबकी बार 400 पार एवं इस बार फिर मोदी सरकार बनाने में सहयोग प्रदान करेंगे। जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी सुदेश वानखेडे ने लोकसभा चुनाव में युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं को जवाबदारी के साथ चुनाव प्रचार के कार्य में जुट जाने का आह्वान किया।

## आज मानेगा होली का त्यौहार

**हरदा।** होली का त्योहार रविवार से शुरू हो गया है। जो रंगपंचमी तक मनाया जाएगा। होली के इस त्योहार को लेकर शहर के बाजार सज चुके हैं। घरों, मंदिरों और बाजारों में होलिका दहन को लेकर तैयारियां हो चुकी हैं। रविवार 24 मार्च को भद्रा पुच्छ में शाम 6:34 से रात 7:53 बजे के बीच प्रदोष काल के समय और फिर भद्रा समाप्ति के बाद रात्रि 11:13 से 12:29 बजे तक निशीथ काल में दोनों में से किसी भी समय में होलिका जलाई गई। होली के इस त्योहार में आज 25 मार्च को रंगों की होली और 27 मार्च को दौज की पूजन होगी। होली के इस त्योहार को लेकर शहर के बाजारों में रंग, गुलाल, पिचकारी आदि की बिक्री शुरू हो गई।

हरदा पुलिस ने भोपाल से किया राजगढ़ जिले के आरोपी को गिरफ्तार

## रुपयों से भरा बैग चुराने वाला शातिर आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

सिटी कोतवाली थाना पुलिस ने तीन अलग-अलग स्थानों से रुपयों से भरा बैग चुराने वाले आरोपी को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर हिरासत में ले लिया है। एसपी अभिनव चौकसे ने बताया कि बीती 18 मार्च को राठी पैट्रोल पंप के पास, खिरकिया की कृषि मंडी और जीपी मॉल के पास से तीन अलग अलग किसानों का रुपयों से भरा बैग कोई अज्ञात आरोपी लेकर फरार हो गया था। जिसको लेकर सिटी कोतवाली थाना व छीपाबड़ थाने में अपराध दर्ज किया गया था।

सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मिले हुलिए के आधार पर पुलिस की एक टीम का गठन कर आरोपी की तलाश शुरू की गई थी। पुलिस



की तलाशी के दौरान पता चला कि राजगढ़ जिले के बोड़ा थाना के ग्राम कड़ियां के रहने वाले आरोपी रवि पिता ब्रजमोहन सिसोदिया जाति सांसी ने ही जिले में हुई तीनों घटनाओं में किसानों के रुपए चुराए हैं। पुलिस ने आरोपी को भोपाल से गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही के आधार पर तीन लाख रुपये भी बरामद किए हैं। बताया जा रहा है कि आरोपी भोपाल में बस से उतरकर भागने की फिराक में था। इस दौरान पुलिस ने उसे हिरासत में लिया गया। एसपी चौकसे ने बताया कि चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले शातिर आरोपी के खिलाफ महाराष्ट्र में छह, राजस्थान में एक एवं ग्वालियर में एक अपराध दर्ज है। आरोपी को पकड़ने में सुबेदार उमेश ठाकुर, एसआई अनिल गुर्जर, सीताराम पटेल, मनीष चौधरी, पुरुषोत्तम गौर, एएसआई सुरेन्द्र श्रीवास्तव, संदीप कुशवाह, संजय ठाकुर, हेड कॉन्स्टेबल तुषार धनगर, करण साहू, आरक्षक सजन ठाकुर, कमलेश परिहार, मयंक चौहान, मनोज दोहरे, लोकेश सातपुते, त्रिवेन्द्र तोमर, वीरेन्द्र राजपूत, शैलेन्द्र परमार शामिल रहे।

## डायवर्सन कर बकाया होने पर निमाड़ टेक्सटाइल सील




**खंडवा।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बजरंग बहादुर ने बताया कि डायवर्सन कर बकाया होने से निमाड़ टेक्सटाइल इंदौर नाका को सील किया। इसके अलावा वेयर हाउस रेहमापुर, ग्राम टाकली निवासी कमलेश सेठी द्वारा भी डायवर्सन कर जमा नहीं करने पर वसूली के लिए सीलिंग की कार्यवाही की गई। इस दौरान तहसीलदार महेश कुमार सोलंकी मौजूद थे। एसडीएम बहादुर ने अपील की कि गत वर्ष या चालू वर्ष का नजूल कर, डायवर्सन कर या अन्य बकाया कर 31 मार्च के 2 दिन पूर्व ही जमा करवा लें, ताकि अनावश्यक कार्रवाई से बचा जा सके।

## 40 कलाकारों ने बनाई 12 हजार फिट की कलाकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

रानी लक्ष्मीबाई मैदान पर शहीद दिवस के उपलक्ष्य में 40 कलाकारों ने तीन दिन की मेहनत के बाद शहीदे आजम भगतसिंह, राजगुरु एवं सुखदेव की कलाकृति का निर्माण किया। टीम कला दृश्य देवांश तिवारी ने बताया कि देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले भगतसिंह, सुखदेव एवं राजगुरु को श्रद्धांजलि देने को लेकर चालीस कलाकारों ने लोगों से उनके पुराने कपड़े इकट्ठे कर तीन दिन में बारह हजार स्क्वायर फीट में कलाकृति तैयार की है। जिसमें शहर के समाजसेवियों ने इन कलाकारों की मदद की। उन्होंने बताया कि जितने कपड़ों का इस कलाकृति को तैयार करने को लेकर इस्तेमाल किया गया




है। उन्हें टीम के सदस्य जरूरतमंद लोगों में वितरित किया जाएगा।

टीम की साक्षी राजपूत एवं याशिका रात्रे ने बताया कि देश को आजादी दिलाने के लिए आज ही के दिन भगतसिंह, सुखदेव एवं राजगुरु ने हंसते-हंसते फांसी के फंदे पर अपनी जान देश के लिए न्योछावर कर दी थी। उन्हीं तीनों वीरों के बलिदान को देश की युवा पीढ़ी के सामने रखने के उद्देश्य से हमने इस कलाकृति को तैयार कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी है। इस कलाकृति के जरिए हमने एक नया विश्व कीर्तिमान बनाने का प्रयास किया गया है।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पथ संचलन का भाजपा ने किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन नगर के प्रमुख मार्गों से कदम ताल करते हुए गुजरा। शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए शनि मंदिर के पास पहुंचा। जहां भाजपा के जिला अध्यक्ष मनोज माने, जिला महामंत्रीगण चिंतामन महाजन, सुभान चौहान, मंत्री योगेश पाटिल, मंडल अध्यक्ष अक्षय मोर, जिला सहमीडिया प्रभारी राकेश पुर्वे, व्यापारी प्रकोष्ठ जिला संयोजक गजेंद्र वर्मा, पार्षद नितेश दलाल, वरिष्ठ नेता सुभाष मोरे आदि ने पुष्प वर्षा कर पथ संचलन का स्वागत किया।

पुर्वे भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी नियुक्त

## भाजपा ने जिले में की संगठनात्मक नियुक्तियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, संभाग प्रभारी राधवेन्द्र गौतम एवं जिला प्रभारी कल्याण जी अग्रवाल के निर्देशानुसार भारतीय जनता पार्टी के



जिलाध्यक्ष मनोज माने ने जिलामंत्री एवं जिला सह मीडिया प्रभारी की घोषणा की गई है। इसी के साथ अन्य संगठनात्मक नियुक्तियां भी की गई हैं। भारतीय जनता पार्टी जिला बुरहानपुर द्वारा 2 जिला कार्यकारीणी पदाधिकारियों की घोषणा के बाद कई ओर नई नियुक्तियां जिले में की गई हैं। भाजपा कार्यकर्ता शिवचरण धानुक को जिला मंत्री एवं राकेश गुलाबचंद पुर्वे को जिला सह मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है।

इसी प्रकार जिले विभिन्न मोर्चो के जिलाध्यक्ष की भी घोषणा की गई है। जिनमें पिछड़ा मोर्चा सुनिल वाघे सारोला अजजा मोर्चा भरत पटेल सिंधखेडा रैयत किसान मोर्चा अरूण पाटील अम्बाडा को बनाया गया है। इसी के साथ चार मंडल अध्यक्षो की भी धोषणा की गई है। लोकमान्य तिलक मंडल अध्यक्ष अक्षय मोरे दर्यापुर रामलाल राठौर, धुलकोट राजेश चारण एवं क्षितिज महाजन नियुक्त किए गए हैं। सभी नवनियुक्त पदाधिकारीयों को सांसद ज्ञानेश्र पाटील प्रदेश विधायक अर्चना चिटनिस, मंजु दादु महापौर माधुरी पटेल पुर्व विधायक रामदास शिवहरे एवं सुमित्रा कास्डेकर जिला महामंत्री सहित जिले के भाजपा नताओं ने सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठनहित में सक्रियता से कार्य करने की शुभकामनाएं प्रेषित की।

10 हजार से ज्यादा लोग हुए शामिल, मप्र-महाराष्ट्र से आए लोक कलाकारों ने दी प्रस्तुति

## नेपानगर में आयोजित हुआ जिले का सबसे बड़ा भगोरिया लोक उत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर

नेपानगर के नेहरू स्टेडियम ग्राउंड पर रविवार दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक जिले का सबसे बड़ा भगोरिया लोक उत्सव आयोजित हुआ। इसमें करीब 10 हजार से ज्यादा लोग शामिल हुए। मप्र महाराष्ट्र के विभिन्न जिलों से यहां आए लोक कलाकारों ने लोक नृत्य की प्रस्तुतियां दी। निमाड़ के खंडवा, खरगोन, बड़वानी सहित महाराष्ट्र के विभिन्न जिलों से कलाकारों को आमंत्रित किया गया था। लोक कलाकारों ने ढोल, मांदल के साथ पारंपरिक भगोरिया नृत्य की प्रस्तुति दी। सुबह से ही लोक कलकारों का विभिन्न शहरों से यहां आने का सिलसिला शुरू हो गया था।

### पारंपरिक वेशभूषा में नजर आईं जनजातीय समाज की महिलाएं



कलाकारों ने ढोल, मांदल की थाप, बांसुरी की धुन पर जमकर नृत्य किया। इस दौरान अधिकांश जनजातीय समाज की महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में नजर आई तो कुछ युवतियां ट्रेडिशनल ड्रेस में दिखीं। युवक भी जिंस, टी-शर्ट आदि में भी नजर आए। पारंपरिक वाद्य यंत्र के माध्यम से नृत्य की प्रस्तुति दी गई। आयोजक मुकेश दरबार ने बताया उत्सव के लिए कलाकारों को पीले चावल देकर आमंत्रित किया गया था।

### मतदान जागरूकता की दिलाई शपथ

कार्यक्रम के समापन अवसर पर मतदाताओं को आगामी लोकसभा चुनाव के लिए 13 मई को होने वाले मतदान के प्रति जागरूक करते हुए मतदान जागरूकता की शपथ दिलाई गई। एडीएम सीएल सिंगाड़े ने शपथ दिलाई। इस दौरान नेपा थाना टीआई ज्ञानू जायसवाल सहित प्रशासनिक अफसर, पुलिस अधिकारी आदि मौजूद थे।

मेले सा माहौल नजर आया

## भगवानपुरा में भगोरिया हाट की रही धूम, मांदल की थाप पर थिरके लोग

**खरगोन।** जिला मुख्यालय से करीब 35 किमी दूर भगवानपुरा में शनिवार सुबह से भगोरिया हाट की धूम रही है। इस दौरान बड़ी संख्या में आदिवासी अंचल से ग्रामीण भगोरिया हाट में पहुंचे। यहां आदिवासी महिलाओं और पुरुषों ने हाट का जमकर लुत्फ उठाया। तो वहीं दूसरी तरफ मांदल की थाप पर भी पुरुष जमकर झूमे। देर शाम तक यह सिलसिला इसी तरह चलता रहा। भगवानपुरा में सुबह से मेले सा माहौल नजर आ रहा था। यहां खरीदारी से लेकर खाने-पीने तक की दुकानें लगी थी। बच्चे झूले-चकरी का लुत्फ उठा रहे थे। इसी दौरान अलग-अलग ग्रामों से मांदल के ग्रुप इस भगोरिया हाट में पहुंचे। मांदल की थाप पर पुरुष जमकर नाच रहे थे। पूरा हाट इससे गूंज रहा था। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल मौजूद रहा। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक केदार डावर भी पहुचे। बीते एक सप्ताह से होली तक अलग-अलग गांवों में भगोरिया हाट लगाया जा रहा था। जिसके तहत शनिवार को काटकूट में इसका आयोजन था।

